Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to cover damage to crops caused by stray animals under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana - Laid.

श्रीमती तबस्सुम बेगम (कैराना): प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिये सुरक्षा कवच नहीं बोझ बन गई है। पी.एम.एफ.बी.वाई. में प्रीमियम किसानों के खाते से काटकर बीमा कम्पनियां मालामाल हो रही है। क्लेम मिलने में देरी व बैंकों के द्वारा पी.एम. एफ.बी.वाई. प्रक्रिया में धांधली तथा किसानों से बैंकों द्वारा प्रीमियम अधिक काटकर बीमा कम्पनियों को कम भुगतान तथा क्लेम की राशि से बैंकों द्वारा के.सी.सी. खाते के लोन की वसूली की खबरें प्राप्त हो रही है। देश में छोटे किसानों की दशा बेहद खराब है। एन.एस.एस.ओ. के अनुसार लघु व सीमांत किसानों की औसत मासिक आय 1308 रुपये है। उत्तर प्रदेश व राजस्थान में आवारा पशुओं के कारण छोटे किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है।

मैं मांग करती हूं कि केन्द्र सरकार आवारा मवेशियों द्वारा फसल नुकसान के मुआवजे का प्रावधान पी.एम.एफ.बी.वाई. में जोड़े और लघु व सीमांत किसानों का प्रीमियम सरकार खुद भरे।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा): मैडम स्पीकर, आप जरा हाउस को ऑर्डर में लाने की कोशिश कीजिए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : क्या कोशिश करूं?

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : आपको पूछकर ही हमने यह डेट फिक्स की थी। हम डिबेट में कोऑपरेट करते हैं। हमने पहले भी कहा था। आप जब ट्रिपल तलाक बिल लाए थे, हम सभी ने बड़ी शान्ति के साथ मिलकर सुना था।…(व्यवधान) उसके बाद जब जम्मू-कश्मीर की समस्या आयी थी, उस वक्त हम सबने मिलकर बात की थी। आज राफेल का एक बहुत बड़ा मुद्दा यहां पर डिस्कस होने जा रहा है। सारा देश देखने वाला है, सुनने वाला है। आप हाउस को ऑर्डर में रखने की कृपा करें। …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: All of you, please go to your seats. I am again requesting you.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : क्या सबको सस्पेंड करूं? आप क्या चाहते हैं? What can I do?

… (*Interruptions*)

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना): मैडम, आप उनको भी निर्देश दीजिए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : उनको भी डाँट रहीं हूं। आपसे ज्यादा उनको डाँट रही हूं।

Hon. Members, please go to your seats.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज अपनी सीट पर जाइए।

…(व्यवधान)